सूचना का अधिकार अधिनियम
वर्ष 2005
मध्यप्रदेश शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग,
जिला – छिन्दवाड़ा

अध्याय–1
प्रस्तावना

1.1 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 :–

संविधान के भाग 3 में नागरिको को प्रदत्त मौलिक अधिकारों की घोषणा की गई है जिसके अनुछेच्द 19 (क) में अभिव्यक्ति स्वांतत्रय तथा वाक् स्वातंत्रय का अधिकार नागरिको को प्रदान की गई है। इसी प्रकार अनुछेच्द 29 (क) नागरिको को सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार देता है। उच्चतम न्यायालय ने भी अनेक मामलों में यह स्पष्ट किया है कि सूचना प्राप्ति का अधिकार आने अपने में परदर्शी एवं सक्षम शासन को चलाने के लिए आवश्यक और सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार का ही अभिन्न अंग है तथा यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में निहित है।

1.2 सूचना का अधिकार का उद्देश्य :–

नागरिकों द्वारा किसी भी लोक प्राधिकरण के स्वामित्व में मौजूद उन सभी सूचनाओं को प्राप्त करने की शक्ति जो स्वयं उनसे जुड़ी हो या पृच्छा लोक कल्याण की भावना प्रेरित हो । यह सूचना का रिकार्ड, फाइले, रजिस्टर्स, आंकड़े, रेखाचित्र, नमूने इत्यादि किसी भी रूप में हो सकती हैं। अपने सूचना के अधिकार का प्रयोग करके हम जान सकते है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाली सेवाएं कौन–कौन सी है, उनका लाभ कैसे और कब उठाया जा सकता हैं, आदि।

1.3 उपयोगी :–

सूचना का अधिकार पुस्तिका सभी आम नागरिको/व्यक्तियों/संस्थानों/अशासकीय संगठनों के लिए उपयोगी है क्योकि सभी को सूचना प्राप्त करने का अधिकार है।

1.4 शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार –

1.5 आई.सी.डी.एस.– समेकित बाल विकास सेवा योजना–

5.1 सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत् विभागीय गतिविधियों की जानकारी से सर्व साधारण को परिचित कराना ।

5.2 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत् किन नियमों /निर्देशों की जानकारी सर्व साधारण को उपलब्ध कराई जा सकती है, जानकारी कहॉ से प्राप्त होगी, शुल्क इत्यादि की जानकारी से अवगत कराना।

5.3 सर्व साधारण मुख्यतः आईसीडीएस./पोषण आहार सेवा से लाभान्वित होने वाले हितग्राही, जनप्रतिनिधि

5.4 निर्धारित प्रारूप अनुसार ।

5.5 1 आईसीडीएस – एकीकृत बाल विकास सेवा योजना ।
2 ए0डब्ल्यू0डब्ल्यू – आंगनवाडी कार्यकर्ता ।

3 ए0डब्ल्यू0एच – आंगनवाडी सहायिका ।
4 ए0डब्ल्यू0सी – आंगनवाडी केन्द्र ।
5 एस0एन0पी0 – पूरक पोषण आहार ।

5.6 जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, छिन्दवाड़ा

1.6 सम्पर्क सूत्रः–

1– सूचना के अधिकार हस्तपुस्तिका में समायोजित विषयों के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा अन्य जानकारियों के लिए जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, छिन्दवाडा लोक सूचना अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना छिन्दवाडा, सहायक लोक सूचना अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।
2– समेकित बाल विकास परियोजना स्तर पर परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, सेक्टर स्तर पर पर्यवेक्षक तथा आंगनवाड़ी स्तर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।

1.7 अतिरिक्त सूचना एवं शुल्क के लिए सम्पर्क सूत्रः–

सूचना के अधिकार के संबंध में अतिरिक्त सूचना एवं शुल्क के संबंध में विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास, छिन्दवाडा में श्रीमती अंजनी श्रीवास्तव, प्रभारी परियोजना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परियोजनाओं में उपरोक्तानुसार ।

अध्याय–2
संगठन की विशिष्टयॉ, कृत्य एवं कर्तव्य

2.1 लोक प्राधिकरण के उद्देश्य :–

महिला एवं बाल विकास विभाग के उद्देश्य निम्नानुसार है :–

1. जिले की महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति में सुधार लाना।
2. बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास तथा स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति में सुधार लाना, कुपोषण से बचाना ।
3. महिलाओं के संवैधानिक हितों को सुरक्षित रखना, महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना ।
4. जिले में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं व बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वयक की भूमिका निभाना, ताकि योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच सके।
5. महिलाओं की स्वायत्तता एवं सशक्तीकरण सुनिश्चित करते हुए उनकी स्थिति में निरन्तर सुधार लाने हेतु राज्य की महिला नीति के क्रियान्वयन का समन्वय ।

2.2 लोक प्राधिकरण महिला एवं बाल विकास विभाग का मिशन/विजन :–

विभाग महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्व है और इसी संदर्भ में जिले के मानव विकास प्रतिवेदन में जेन्डर विकास सूचकांक तथा बच्चों के शाला प्रवेश, शिक्षा आदि का समावेश किया जाता है । आजकल विकास की नवीनतम अवधारणा के अनुसार मानव विकास सूचकांक (HDI) विकास की गति दर्शाने वाले महत्वपूर्ण मानक हैं और विश्व बैंक तथा संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व के देशों की विकासीय स्थिति का मूल्यांकन भी इन्हीं सूचकांक के आधार पर करने लगे हैं । इन सूचकांकों में शिशु मृत्यु दर (IMR) पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (Under Five Mortality Rate) मातृ मृत्यु दर (MMR), लाईफ एक्सपैक्टेन्सी एट बर्थ, साक्षरता दर, बच्चों का पोषण स्तर इत्यादि प्रमुख है । इन सूचकांको के अनुसार हमारे देश भारत और विशेष रूप से मध्यप्रदेश की स्थिति पिछड़े स्थानों के बीच आती थी। इन बातों को देखते हुए भविष्य के नागरिकों के सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास को सुनिश्चित करने के लिये समेकित बाल विकास सेवा योजना की संकल्पना की गई । इस परियोजना को क्रियाविंत करने के साथ–साथ महिला विकास की नई अवधारणा, जिसमें महिला कल्याण से उपर उठकर महिला सशक्तीकरण पर केन्द्रित योजनाओं को लागू करना निहित है, का क्रियान्वयन भी विभाग की जिम्मेदारी में शामिल हुआ है ।

2.3 लोक प्राधिकरण (महिला एवं बाल विकास विभाग) का संक्षिप्त इतिहास और उसके गठन का प्रसंग:–

मध्यप्रदेश में 15 अगस्त, 86 को महिला एवं बाल विकास संचालनालय का गठन किया गया तथा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित समस्त योजनायें आदिम जाति कल्याण विभाग और पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग से इस संचालनालय को हस्तान्तरित की गई । प्रारंभ में यह संचालनालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में रहा तथा वर्ष 1988 में पृथक से महिला एवं बाल विकास विभाग का गठन किया गया ।

2.4 लोक प्राधिकरण के कर्तव्य :—

महिलाओं ओर बच्चों की जीवन रक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक आर्थिक विकास, के लिये योजनाएं चलाना तथा विभिन्न विकास विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना ।

2.5 लोक प्राधिकरण के मुख्य कृत्य

1. समेकित बाल विकास सेवा का संचालन।
2. महिलाओं और बच्चों के लिये शासकीय संस्थाओं का संचालन, अशासकीय संस्थाओं को अनुदान प्रदान करना।
3. महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए जिला प्रबंधक, मध्यप्रदेश महिला वित्त विकास निगम का संचालन/अनुदान ।
4. महिलाओं की सामाजिक समस्याओं के लिए राज्य महिला आयोग का संचालन संगठन की विशिष्टिया, कृत्य एवं कर्तव्य

2.1 जिले की महिलाओं के सामाजिक आर्थिक स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति में सुधार लाना उनकी सुरक्षा से संबंधित कानूनो की जानकारी देना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करना। बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना उन्हें कुपोषण से बचाना ।
2.2 जिले की महिलाओं एवं बच्चों में व्याप्त कुपोषण अशिक्षा अज्ञानता से मुक्त करना एवं स्वस्थ्य समाज की नीव डालना ।
2.3 आईसीडीएस योजना का प्रारंभ 2 अक्टूबर 1975 को प्रदेश के दो विकास खण्डों में प्रायोगिक तौर पर किया गया । पूर्व में उक्त योजना का संचालन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/ आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जाता था । मध्यप्रदेश में 15 अगस्त 1986 को महिला बाल विकास संचालनालय का गठन किया गया एवं महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित समस्त योजनायें आदिम जाति कल्याण विभाग और पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग से संचालनालय से महिला एवं बाल विकास को हस्तांतरित की गई । प्रारंभ में यह संचालनालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में रहा तथा वर्ष 1988 में पृथक से महिला एवं बाल विकास विभाग का गठन किया गया ।

2.4 (1) जिले की महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति में सुधार लाना।
(2) बच्चों के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना तथा कुपोषण से बचाना ।
(3) महिलाओं के संवैधानिक हितों को सुरक्षित रखना, महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा से सम्बन्धित कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढाना ।
(4) जिले में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सर्वागिण विकास से सम्बन्धित योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वयक की भूमिका निभाना ताकि योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच सकें ।

(5) महिलाओं की स्वायत्ता एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करते हुये उनकी आर्थित एवं सामाजिक स्थिति में निरन्तर सुधार लाने हेतु राज्य की महिला नीति के कियान्वयन का समन्वयक ।

2.5 1 आईसीडीएस योजना का क्रियान्वयन ।
2 किशोरी शक्ति योजना का क्रियान्वयन ।
3 लाडली लक्ष्मी योजना
4 स्वधार योजना का क्रियान्वयन
5 जागृति शिविरों का आयोजन ।
6 अति गरीब गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व आर्थिक सहायता।
7 मंगल दिवसों का आयोजन जैसे बच्चों का जन्म दिवस, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, किशोरी बालिका सप्ताह आयोजन व अन्नप्राशन ।

2.6–1 आई.सी.डी.एस. योजना –

2.6–2 किशोरी शक्ति योजना –

2.7

2.8 आंगनवाडी केन्द्रों का सुचारू संचालन जिससे हितग्राही बच्चों एवं महिलाओं को आईसीडीएस सेवाओं का समुचित लाभ मिल सकें ।

2.9 आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन में समुदाय की सहभागिता लेना जैसे – आंगनवाडी भवन की व्यवस्था, शासन द्वारा प्रदत्त की जाने वाली पूरक पोषण आहार व्यवस्था में व्यवधान की स्थिति में समुदाय से महिलाओं एवं बच्चों हेतु पूरक पोषण आहार की व्यवस्था कराना । टीकाकरण, वजन, लेने की प्रकिया में जनसमुदाय को सहभागी बनाना ।

2.10 जिला स्तर पर आईसीडीएस, किशोरी शक्ति योजनाओं के पर्यवेक्षण तथा योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला बाल विकास अधिकारी, विकास खण्ड स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी, को विभाग द्वारा जिम्मेदारी दी गई है ।

2.11 जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एवं समस्त विकासखण्डों बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय ।

2.12 कार्यालय खुलने का समय प्रातः 10.30 बजे
कार्यालय बंद होने का समय सायंकाल 5.30 बजे

2.6 लोक प्र प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सूची एवं उनका विवरण समेकित बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस)

वर्तमान में जिले के सभी 11 विकासखण्डों में 04 आदिवासी तथा 07 ग्रामीण व जिले में 01 शहरी समेकित बाल विकास परियोजनायें संचालित है । इस प्रकार कुल 12 समेकित बाल विकास परियोजनाएं है। 12 बाल विकास परियोजनाओं में कुल 2106 आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत हैं। इन आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से लगभग 2,21,407 लाख हितग्राहियों को आई.सी.डी.एस. की सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। तथा शासन द्वारा फिलहाल में 380 आंगनवाडी केन्द्रों की स्वीकृति दी गई हे। जिसके विरूद्ध कार्यकर्ता व सहायिकाओं की नियुक्ति कार्यवाही समाप्ती की ओर है । जिसके उपरांत जिले में 2486 आंगनवाडी केन्द्र संचालित होगें ।

आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने के मापदण्ड :–

इस योजना के तहत भारत शासन के मापदण्डों के अनुसार ग्रमीण एवं शहरी क्षेत्रों में 800 की जनसंख्या पर तथा आदिवासी क्षेत्रों में 400 की जनसंख्या पर आंगनवाड़ी केन्द्र स्थापित किये जाते हैं । साथ ही पहाड़ी एंव मरूस्थलीय स्थानों पर 300 या अधिक की जनसंख्या पर भी आंगनवाड़ी केन्द्र खोला जा सकता है । माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार आंगनवाड़ी विहीन क्षेत्रों में भी आंगनवाड़ी केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव केन्द्र शासन को प्रेषित किया गया है।

योजना में यह भी प्रावधान है कि 300 से कम जनसंख्या वाले ग्रामों/टीलों को समीपस्थ आंगनवाड़ी केन्द्र से संबद्ध किया जा सकता है यदि दो ग्रामों की जनसंख्या मिलाकर आंगनवाड़ी केन्द्र खोला जाना निश्चित हुआ है तो अधिक जनसंख्या वाले ग्राम में केन्द्र स्थापित किया जा सकता है ।

वर्तमान में जिले में कुल 12 बाल विकास परियोजनायें स्वीकृत हैं तथा बाल विकास परियोजना का जिले में सर्वव्यापीकरण किया जा चुका है । आंगनवाड़ी केन्द्रों के युक्ति–युक्त करण के माध्यम से ऐसे क्षेत्रों में भी आंगनवाड़ी केन्द्र प्रतिस्थापित किये गये जहां पर पूर्व से केन्द्र स्वीकृत नहीं थे, जिससे आई.सी.डी.एस. की सेवाओं का अधिकतम हितग्राहियों कों लाभान्वित किया गया ।

समेकित बाल विकास सेवा योजना के सर्वव्यापीकरण फलस्वरूप जिले में पहुंच विहीन क्षेत्रों में आंगनवाड़ी की सेवाऐं उपलब्ध कराने हेतु कुल 2106 आंगनवाडी केन्द्र संचालित किये जा रहे है।

जिले में संचालित 11 परियोजनाओं का श्रेणीवार वर्गीकरण निम्नानुसार है :–

परियोजनाओं का प्रकार	परि0 की संख्या	स्वीकृत आगंनवाड़ी केन्द्र	कुल
ग्रामीण	07	1144	1144
आदिवासी	04	882	882
शहरी छिन्दवाडा	1	80	80
कुल	12	2106	2106

आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से निम्नानुसार सेवाऍ समन्वित रूप से दी जाती है :–

1. **पूरक पोषण आहार :–**

6 वर्ष से कम उम्र के गरीब बच्चों, गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं तथा किशोरियों की पहचान हेतु समुदाय के सभी परिवारों का सर्वेक्षण किया जाता है तथा वर्ष में 300 सौ दिन पूरक पोषण आहार दिया जाता हैं । जिले में वर्तमान में नवीन पूरक पोषण आहार की व्यवस्था के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों को शासन द्वारा एमपी एग्रो के माध्यम से पंजीरी तथा 3 से 06 के बच्चों, गर्भवती, धात्री माताओं को आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से सप्ताह में विभिन्न प्रकार के व्यंजन प्रदाय किये जा रहे है।

2. **स्वास्थ्य जॉच :–**

प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र में प्रत्येक माह टीकाकरण के दिन ए.एन.एम तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की स्वास्थ्य जॉच की जाती है। स्वास्थ्य जॉच के आधार पर स्वास्थ्य में सुधार हेतु आवश्यक सलाह हितग्राहियों को दी जाती है।

3. संदर्भ सेवाऍ :–

स्वास्थ्य जॉच के आधार पर आवश्यक होने पर महिलाओं एवं बच्चों को खण्ड चिकित्सा अधिकारी अथवा विकासखण्ड/जिलास्तरीय चिकित्सालयों में रेफर किया जाता है।

4. टीकाकरण :–

प्रति आंगनवाड़ी प्रतिमाह किसी एक सप्ताह के कोई एक दिन टीकाकरण के लिये निर्धारित रहता है। उक्त दिवस में ए.एन.एम द्वारा आंगनवाडी केन्द्र पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाता है । टीकाकरण के दौरान हितग्राहियों की स्वास्थ्य जॉच भी की जाती है।

5. पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा :–

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में गृह भेंट करने का प्रावधान है। गृहभेंट के दौरान महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल तथा संतुलित भोजन के बारे में सलाह दी जाती है।

6. स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा :–

आंगनवाड़ी केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य बच्चों का मानसिक विकास करना भी है जिससे वह प्राथमिक स्कूल में ओर बेहतर तरीके से शिक्षा प्राप्त कर सकें । इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को खेल–खेल में शिक्षा दी जाती हैं। बच्चों को प्राकृतिक संसाधनों जैस – जल, जंगल, जानवर, इत्यादि के बारे में प्रारंभिक ज्ञान कराया जाता है । बच्चों के खेलने हेतु खिलौनों का क्रय करने के लिए प्रति आंगनवाड़ी प्रतिवर्ष 500 रूपये की राशि का प्रावधान है । जिसके द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्रतिवर्ष एक प्री–स्कूल किट उपलब्ध कराया जाता हैं ।

7. स्वास्थ्य सेवाऍ :–

विभाग द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित सेवाऍ पृथक से नहीं दी जाती है बल्कि स्वास्थ्य विभाग के अमले को स्वास्थ्य संम्बन्धी सेवाऍ देने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र के रूप में एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता हैं । आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से दी जाने वाली 6 सेवाओं में से 4 सेवाऍ स्वास्थ्य विभाग के अमले के सहयोग से दी जाती है। विभाग द्वारा प्रति आंगनवाड़ी प्रतिवर्ष एक मेडिसिन किट उपलब्ध कराया जाता है । जिसमें सामान्य बिमारीयों के प्राथमिक उपचार के लिए दवाईयॉ दी जाती हैं । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उक्त दवाईयों का उपयोग ए.एन.एम की मदद एवं मार्गदर्शन से किया जाता है । मेडिसिन किट्स के लिए प्रति आंगनवाड़ी प्रतिवर्ष 600

रूपये की राशि का प्रावधान है । महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय अमले में सामजस्य स्थापित करने हेतु प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास के हस्ताक्षर से संयुक्त कार्ययोजना समस्त जिलों को प्रेषित की गई है। दोनों विभागों के समन्वय से आंगनवाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने की संभावना है ।

8. भवन :— विश्व बैंक सहायित आई.सी.डी.एस. ।।। परियोजना अंतर्गत एवं अन्य मदों से निर्मित भवनों/हेण्डपम्प की स्थिति—

1— जिले के परियोजनाओं में कार्यालय सह गोदाम व आंगनवाडी भवनों निर्माण की स्थिति :—

क्रं0	विवरण	विभागीय	विश्व खाद्य कार्यक्रम	अन्य मद	कार्या0 सह गोदाम	कुल
1	पूर्ण भवन संख्या	254	01	66	05	326
2	निर्माणाधिन भवनों की संख्या	7	0	0	0	7
3	प्रारंभ किये जाने वाले	0	0	0	0	0

2— जिले के परियोजनाओं में आंगनवाडी केन्द्रों स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हेतु हेण्डपम्प भी स्थापित किये गये है। निर्माण की स्थिति :—

क्रं0	विवरण	विश्व बैंक	सफल	असफल	निर्माणाधिन	प्रारंभ	कुल	रिमार्क
1	हेडपम्प संख्या	220	143	67	10	0	220	

3— जिले के परियोजनाओं पर्यवेक्षक भवनों के निर्माण की स्थिति :—

क्रं0	विवरण	महिला कल्याण कोष	समाजिक सुरक्षा कार्यक्रम	कुल	रिमार्क
1	पूर्ण भवन संख्या	03	01	04	

4— प्रीस्कूल किट —

भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2001 में आंगनबाडी केन्द्रों में प्रतिवर्ष मेडिसिन किट एवं प्री—स्कूल किट प्रदाय करने का निर्णय लिया था । उक्त आदेश के परिपालन में विभाग द्वारा

आंगनबाडी केन्द्रों को प्रतिवर्ष मेडिसिन किट एवं प्री–स्कूल किट प्रदाय किये जाते है । विभाग आई.सी.डी.एस. परियोजना के क्रियान्वयन हेतु केन्द्रीय क्षेत्रीय मद में विभाग प्रदान करता है ।

9. किशोरी शक्ति योजना :–

किशोरी शक्ति योजना 11–18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य की देखभाल संतुलित भोजन व आर्थिक स्वालंबन हेतु प्रशिक्षण देने के लिये जिले की सभी 11 बाल विकास परियोजना में अक्टूबर, 2001 से प्रारंभ की गई है । इस योजना के तहत दिये जाने वाले प्रशिक्षण के लिये बालिकाओं के चयन हेतु निम्न मापदण्ड तय किये गये हैं :–

1. बालिका गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार से हो ।
2. गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों में भी सर्वप्रथम शाला त्यागी बालिका को प्राथमिकता दी जाए ।
3. उपरोक्त दोनों मापदण्ड पूरी करने वाली 16 से 18 वर्ष की बालिकाओं का चयन प्रारम्भ वर्ष में किया जाए ।

उपरोक्त मापदण्ड के अनुसार चयनित किशोरी बालिका की सूची का अनुमोदन ग्राम सभा की स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जाता है । इस योजना में जिला स्तरीय प्रशिक्षण, विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण एवं पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाकर विभिन्न स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है । प्रशिक्षण के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत से लगभग 18 किशोरी बालिकाओं का चयन कर उनको 3 विभागीय पर्यवेक्षक, ए0एन0एम0 तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है । प्रशिक्षण में किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार, स्वास्थ्य की देखभाल तथा आर्थिक स्वावलंबन हेतु प्रशिक्षण एवं अन्य जीवनोंपयोगी जानकारी भी दी जाती है । प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्ष भर में कुल 3 दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन तीन–तीन माह के अंतराल पर दिये जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण के समय ए0एन0एम0 द्वारा किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयरन फोलिक एसिड की गोलियां तथा आवश्यक होने पर डिवार्मिंग गोलियां भी उपलब्ध करायी जाती है । वर्तमान में उक्त योजना जिले की सभी 11 परियोजनाओं में संचालित की जा रही है ।

10. पूरक पोषण आहार कार्यक्रम :–

विभाग द्वारा स्वीकृत 12 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत 2106 आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण आहार की व्यवस्था राज्य सरकार की निधि से की जा रही है । आंगनवाडी केन्द्रों में 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं एवं कुपोषित बच्चों को पूरक पोषण आहार दिया जाता है । 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को 80 ग्राम पूरक पोषण आहार प्रतिदिन दिया जाता है, जिसमें 300 कैलोरी तथा 10 ग्राम प्रोटीन होता है । गर्भवती/शिशुवती महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को यही मात्रा दुगनी अर्थात 160 ग्राम प्रति हितग्राही प्रतिदिन दी जाती है । वर्तमान में 12 परियोजनाओं में पोषण आहार प्रदाय व्यवस्था स्व–सहायता समूह द्वारा की जा रही है ।

1— **स्व–सहायता समूह** – मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास, विभाग अनुसार 12 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में नवीन पूरक पोषण आहार की व्यवस्था अंतर्गत नवीन पोषण आहार व्यवस्था के अंतर्गत स्व–सहायता समूहों द्वारा आटा, सूजी, मिर्च मसाले प्रदाय किये जा रहे है जिससे राज्य शासन मंशानुसार महिला स्व–सहायता समूहों महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए उक्त व्यवस्था लागू की गई है।

2— **प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना** –मध्यप्रदेश में 6 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। परन्तु 6 माह से 3 वर्ष तक के शिशुओं में यह समस्या अत्यन्त गंभीर है। महिला एवं बाल विकास छिन्दवाडा द्वारा गत छः बाल संजीवनी अभियान में कुपोषण का प्रतिशत 47.40 पाया गया है। 6 माह से 6 वर्ष तक आंगनवाड़ी केन्द्र में आने वाले समस्त बच्चों को केवल दलिया ही दिया जाता है। यद्यपि दलिया काफी पौष्टिक है, परन्तु 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए और अधिक पोष्टिक आहार की आवश्यकता केन्द्र सरकार द्वारा महसूस की गई है। इसी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चो को और अधिक पोष्टिक आहार देने की आवश्यकता राज्य सरकार द्वारा भी महसूस की गई है एवं प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना के तहत 3 वर्ष तक के बच्चों के लिये पाउडरी फोटीफाईड एवं शीघ्र घुलनशील पोषण आहार देने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

''उदिशा प्रशिक्षण कार्यक्रम''

आई.सी.डी.एस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण भाग है । यह कार्यक्रम भारत सरकार के सहयोग से संचालित है इस कार्यक्रम के माध्यम से आई.सी.डी.एस. के मैदानी अमले जिनमें बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका शामिल है को सत्त प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अंतर्गत जॉब प्रशिक्षण एवं एक निश्चित समय अंतराल के बाद प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण दिया जाता है। समेकित बाल विकास सेवा योजना में प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार हैः–

1. समेकित बाल विकास सेवा योजना के उद्देश्यों की पूर्ति में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना ।
2. सामुदायिक सहभागिता के लिए वातावरण का निर्माण करना ।
3. आंगनवाड़ी के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना ।
4. आंगनवाड़ी केन्द्र की सेवाओं के लिए अन्य विभागों से समन्वय स्थापित किया जाना सुनिश्चित करना ।
5. मैदानी अमले को योजना की सेवाओं के संबंध में प्रत्यास्मरण एवं उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता के स्तर को बनाए रखना ।

वर्तमान में जिले में 12 बाल विकास परियोजनाओं के माध्यम से 2106 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित किए जा रहे है । इस व्यापक मैदानी अमले के प्रशिक्षण को एक निश्चित समय में पूरा करने के लिए तथा बाल विकास सेवा परियोजना की एकीकृत सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 1999 से विश्व बैंक की सहायता से उदिशा प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किया गया। जिसे वर्ष 2006–07 से आईसीडीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम के नाम से जाना जा रहा है।

जिले में आईसीडीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के कार्य में बाल कल्याण परिषद द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। इस संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मार्च 2008 तक प्रशिक्षण रोस्टर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है ।

जिले में वर्तमान में प्रशिक्षण का निम्नानुसार बैंकलॉग हैः–

क्रं0	विवरण	मूलभूत प्रशिक्षण	प्रत्यास्मरण	रिमार्क
1	परियोजना अधिकारी	01	03	01 परियोजना अधिकारी पूर्णतः मूलभूत प्रशिक्षण अप्रशिक्षित है। 03 परियोजना अधिकारी प्रत्या0 प्रशिक्षण लिये दो वर्ष पूंर्ण अतः पूर्ण पात्र
2	पर्यवेक्षक	0	15	15 प्रत्या0 प्रशिक्षण लिये दो वर्ष पूंर्ण अतः पूर्ण पात्र
3	सहायक महिला बाल विस्तार अधि0	0	07	07 प्रत्या0 प्रशिक्षण लिये दो वर्ष पूंर्ण अतः पूर्ण पात्र
4	आंग0 कार्यकर्ता	187	403	
5	आंग0 सहायिका	262	105	

जिले के द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षकों/आंग0कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं के मूलभूत/ प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण हेतु पात्र है प्रशिक्षण का बैकलॉग समय–सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा ।

2.7 लोक प्राधिकरण विभिन्न स्तरों (शासन, निदेशालय, क्षेत्र, जिला, ब्लाक आदि) पर संगठनात्मक ढ़ॉचा

2.8 लोक प्राधिकरण की कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु जन सहयोग की अपेक्षाएॅ

2.9 जन सहयोग सुनिश्चित करने के लिये विधि/व्यवस्था

2.10 जन सेवाओं के अनुश्रवण एवं शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था

2.11 जिला कार्यालय तथा विकासखण्ड स्तरीय परियोजना कार्यालयों के पतेः–

क्र	अधिकारी का नाम	पदनाम वर्ग	पदस्थापना कार्यालय	मुख्यालय	कार्यालयका दूरभाष क्रमांक	निवास का दूरभाष क्रमांक व मोबाईल नम्बर

1	2	3	4	5		6
1	श्री एच.के. शर्मा	जिला कार्यक्रम अधिकारी (प्रथम श्रेणी)	महिला एवं बाल विकास कार्यालय–छिंदवाड़ा	छिंदवाड़ा	07162–243421	07162–245694 9424584911
2		जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	महिला एवं बाल विकास कार्यालय–छिंदवाड़ा	छिन्दवाडा	पद रिक्त है।	–
		परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना बिछुआ	बिछुआ	पद रिक्त है।	
3	श्री आर0 के0 सिंग एएसओ	सहायक सांख्यिकिय अधिकारी प्रभारी परि0 अधि0	एकीकृत बाल विकास परियोजना बिछुआ	बिछुआ	07162–259641	9425845932
4		परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना जामई	जामई	पद रिक्त है।	–
	श्री अशोक तिवारी	स्हा0साख्यि0अधि0 प्रभारी परि0 अधि0	एकीकृत बाल विकास परियोजना जामई	जामई	07160–230120	9300411174
5	श्री नरेन्द्र वर्मा	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना तामिया	तामिया	07149–272334	9425440718, 9907320075
6	श्री सज्जनसिंग कठैत	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना सौंसर	सौंसर	07165–220107	9425819421
7	श्रीमती अनिता राय	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना चौरई	चौरई	07166–222617	9329608906
		परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना हर्रई	हर्रई	पद रिक्त है।	
8	सुश्री रेखा शुक्ला	पर्य0 प्रभारी परि0 अधि0	एकीकृत बाल विकास परियोजना हर्रई	हर्रई	07168–220237	9424721041
9	सुश्री कौशल्या गणेशे	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना , परासिया	परासिया	निलंबित है।	
	श्रीमति उरनधती धकाते	पर्यवेक्षक परि0 अधि0	एकीकृत बाल विकास परियोजना , परासिया	परासिया	07161–222129	942477310
		परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना , छिन्दवाडा	छिन्दवाडा	पद रिक्त है।	
10	श्रीमति अंजनी श्रीवास्तव	प्रभारी परियोजना अधिकारी (तृतीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना , छिन्दवाडा	छिन्दवाडा	07162–246520	9424725613
11	श्री बालकराम साहु	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना पांढुर्णा	पाढुर्णा	07164–222158	9425873631

	श्री राजेन्द्र बागरे	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना पांढुर्णा	पाढुर्णा	निलंबित है।	
12	श्री सज्जनसिंग कठैत	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना मोहखेड	मोहखेड	07162—255739	9425819421
13	श्री प्रशांतदीपसिंह ठाकुर	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	एकीकृत बाल विकास परियोजना अमरवाडा	अमरवाडा	07167—222416	9425843463
14	सुश्री अन्नपूर्णा उईके	परियोजना अधिकारी (द्वितीय श्रेणी)	शहरी एकीकृत बाल विकास परियोजना छिन्दवाडा	शहरी छिन्द0	07167—247189	9425819298

2.12 कार्यालय के खुलने का समय — प्रातः 10.30
कार्यालय बंद होने का समय — साय 5.30

अध्याय–3
अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियाँ एवं कर्तव्य

3.1 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शक्तियों एवं कर्तव्यों का विवरण निम्नानुसार हैः–

पद नाम		
शक्तियॉ	प्रशासकीय	1. प्रशासकीय विभाग (महिला एवं बाल विकास विभाग) – प्रथम एवं व्दितीय श्रेणी के अधिकारियों से संबंधित समस्त अधिकार 2. आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग– व्दितीय श्रेणी के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं निलंबन के अधिकार । तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से संबंधित समस्त अधिकार 3. संभागीय आयुक्त– व्दितीय श्रेणी के अधिकारियों की विभागीय जॉच तथा लघु शास्ती एवं निलंबन के अधिकार 4. कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास)– चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति के अधिकार, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के अधिकार, अवकाश स्वीकृति के अधिकार 5. जिला कार्यक्रम अधिकारी / जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी–तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के 30 दिवस के अवकाश स्वीकृति के अधिकार
	वित्तीय	
	अन्य	
	कर्तव्य	1. आयुक्त – महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों, योजनाओं का पर्यवेक्षण एवं मूल्याकंन करना तथा योजनाओं की प्रगति की जानकारी भारत सरकार को भेजना, महिलाओं एवं बच्चो के विकास से संबंधित सूचकांकों के स्तर में सुधार के प्रयास करना 2. परियोजना संचालक– विभाग की समस्त योजनाओं का संचालन करना विशेष कर एकीकृत बाल विकास सेवा योजना से संबंधित समस्त गतिविधियों का क्रियान्वयन और उसका मूल्याकंन सुनिश्चित करना, आईसी.डी.एस. की सेवाओं की क्षेत्रीय स्तर तक की पहुंच के लिये अन्य विभागों से समन्वय करना। 3. जिला कार्यक्रम अधिकारी /जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी – विभाग के व्दारा चलाई जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण , प्रतिमाह का रोस्टर तैयार कर माह मे कम से कम दो परियोजनाओं का निरीक्षण, आगनवाड़ीयों का निरीक्षण, जिले में पोषण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना, आई.सी.डी. एस. कार्यक्रम की सांख्यिकी जानकारी तैयार कर मूल्याकंन करना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं के पदों की पूर्ति, आंगनवाड़ी के सेवाओं का लाभ सभी हितग्राहीयों को पहुचाना, निर्धारित प्रगति प्रतिवेदन वरिष्ट कार्यालय तक पहुचाना , विभाग की योजनाओं के संचालन हेतु अन्य विभागों से समन्वय आदि। 4. बाल विकास परियोजना अधिकारी– आई.सी.डी.एस. की प्रमुख कार्यकारणी के रूप मे क्षेत्रीय स्तर पर विभाग की समस्त योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, आंगनवाड़ी केन्द्र की गतिविधियां सुनिश्चित करना, परियोजना मे सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करना, रिकार्ड का उचित रखरखाव, सभी केन्द्रों में पोषण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आई.सी.डी.एस. की सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराना, सेवाओं के क्रियान्वयन में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना, वरिष्ठ कार्यालयों को प्रगति प्रतिवेदन भेजना ।

अराजपत्रित

3.1 कृपया निम्न प्रारूप पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शक्तियों एवं कर्तव्य का विवरण उपलब्ध करायें ।

पद नाम	सहायक परियोजना अधिकारी/सहायक सांख्यिकी अधिकारी/पोषण आहार निरीक्षक/पर्यवेक्षक/सहायक वर्ग–1/सहायकवर्ग–2/सहायक वर्ग–3/वाहन चालक/भृत्य/चौकीदार	
शक्तियां	प्रशासकीय	1.निरंक 2.
	वित्तीय	1.निरंक 2.
	अन्य	1.निरंक 2.
	कर्तव्य	1.सहायक सांख्यिकी अधिकारी –द्वारा परियोजना की क्षेत्रीय जानकारी,लक्ष्य –उपलब्धी की रिर्पोटिंग एवं मासिक प्रगति प्रतिवेदन का संकलन कर प्रेषित करना आदि(विस्तृत जानकारी पृष्ठ कमांक 15 से 18 तक संलग्न है) । 2.सहायक परियोजना अधिकारियों परियोजना अधिकारी के अधीनस्त उनके द्वारा किये जा रहे समस्त कार्यो में सहायोग प्रदान करते है जैसे निरीक्षण/पर्यवेक्षण एवं विभिन्न बैठको एवं मासिक प्रगति प्रतिवेदनों संबंधित जानकारी का संकलन एवं जांच कर प्रेषित करवाना आदि (पृष्ठ क कमांक 13–14 पर विस्तृत जानकारी) 3.पोषण आहार निरीक्षक –जिलें में निर्धारित क्षेत्र में भ्रमण कार्य,खाद्यान की व्यवस्था, निरीक्षण एवं मानदेय आदि का भुगतान की व्यवस्था एवं खाली बारदाने की बिकी आदि कार्य ।(पृष्ट कमांक 20–24 तक विस्तृत जानकारी संलग्न) । 4.पर्यवेक्षक –आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण/मानदेय का भुगतान कराना –टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच आदि की जानकारी प्रस्तुत करना एवं मासिक प्रगति रिर्पोट तैयार कर प्रस्तुत करना, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय एवं जिला स्तर पर आयोजित जिला अधिकारी के निर्देशानुसार बैठको में भाग लेना आ आदि ।(पृष्ठ कमांक 25 से 30तक) 5.सहायक ग्रेड–1,2,3 –जिला अधिकारी के निर्देशानुसार लिपिकीय कार्य का संपादन एवं अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौपे गये अन्य कार्यो को करना । 6.वाहन चालक –जिला अधिकारी को आवंटित वाहन को निर्देशानुसार संचालन करना आदि । 7.भृत्य/चौकी चौकीदार– अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यालयीन कार्य सुचारू रूप से संपन्न करना ।

अध्याय–4
कृत्यों के निर्वाहन हेतु नियम,विनिमय, अनुदेश, निर्देशिका ओर अभिलेख

4.1 लोक प्राधिकरण अथवा उसके अधिकारियों एवं कर्मियों व्दारा अपने कृत्यों के निर्वाहन के लिये धारित तथा प्रयोग किये जाने वाले नियम, विनियम, अनुदेश, और अभिलेख की सूची निम्न प्रारूप पर प्रस्तुत कराएं (यह सूचना प्रत्येक अभिलेख के लिये पृथक से प्रस्तुत करें)

अभिलेख का नाम– अभिलेख का प्रकार नियम
राजपत्रित भर्ती नियम 1991

निम्न मे से किसी एक प्रकार को चुने
(नियम, विनियम, अनुदेश निर्देशिका, अभिलेख, अन्य)

इसके अतिरिक्त म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966, म.प्र. संशोधित पेंशन उप नियम–59 के उप नियम (1) तहत कार्यवाही करना। इन नियमों की प्रतियां सभी परियोजना कार्यालय एवं जिला कार्यालयों तथा संचालनालय में उपलब्ध है।

नियम

4.1 लोक प्राधिकरण अथवा उसके अधिकारियों एवं कर्मियों व्दारा अपने कृत्यों के निर्वाहन के लिये धारित तथा प्रयोग किये जाने वाले नियम, विनियम, अनुदेश, और अभिलेख की सूची निम्न प्रारूप पर प्रस्तुत कराएं (यह सूचना प्रत्येक अभिलेख के लिये पृथक से प्रस्तुत करें)
अभिलेख का नाम– अभिलेख का प्रकार
किसी अधिकारी व्दारा दिये गये अभ्यावेदन
पर हुई कार्यवाही

निम्न मे से किसी एक प्रकार को चुने
(नियम, विनियम, अनुदेश निर्देशिका, अभिलेख, अन्य)

अभिलेख का संक्षिप्त परिचय

किसी अधिकारी की विभागीय जॉच/अन्य जॉच/शिकायत/अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही/ अवकाश स्वीकृति तथा अनापत्ति आदि जारी न करने पर संबंधित के व्दारा चाहे गये अभिलेख (यदि वें गोपनीय नहीं है तो) नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेख की प्रति कहॉ से प्राप्त कर सकते है ?

पताः जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास, छिन्दवाड़ा
दूरभाषः 07162–243421
ईमेल wcdchi@mp.nic.in

नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेख की प्रति को प्राप्त करने का शुल्क (यदि कोई हो) निरंक

अराजपत्रित

4.1.लोक प्राधिकरण अथवा उसके अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा अपने कृत्यों के निर्वाहन के लिये धारित तथा प्रयोग किये जाने वाले नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेख की सूची निम्न प्रारूप में प्रस्तुत कराये (यह सूचना प्रत्येक अभिलेख के लिये प्रस्तुत करें)

अभिलेख का नाम– मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग (अराजपत्रित) सेवा भरती नियम – 1995

अभिलेख का प्रकार–भरती नियम

